| Publication | Hindustan |
|---|---|
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 02 |
| Date | 7th Nov 2019 |

हिन्दुस्तान

### मित्रभा गुहा सातवें राउंड के बाद भी बढ़त बनाकर पहले स्थान पर

# छठे दिन खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले

## शतरंज प्रतियोगिता

**गुरुग्राम | कार्यालय संवाददाता**

सेक्टर-54 स्थित सनसिटी वर्ल्ड स्कूल में चल रही राष्ट्रीय जूनियर शतरंज प्रतियोगिता के छठे दिन खिलाड़ियों के बीच रोमांचक मुकाबले हुए। बुधवार को हुए छठे व सातवें रांउड के मुकाबले में भी बंगाल के मित्रभा गुहा ने बढ़त बनाते हुए प्रथम स्थान पर कब्जा जमाए रखा। मित्रभा ने छठे राउंड में कैटालेन ओपनिंग खेली, जिसका दिल्ली के आर्यन ने बखूबी जबाब देते हुए मैच को ड्रा करा दिया। वहीं सातवें राउंड में मित्रभा ने अपने ही राज्य के सिरिजित पॉल को केरा- कान एडवांस वेरिएशन ओपनिंग से 30 चालों में परास्त कर 6.5 अंक के साथ एकल बढ़त बनाई।

**5.5 अंकों के साथ ये खिलाड़ी दूसरे स्थान पर:** सातवें राउंड के मुकाबले के बाद मित्रभा का पीछा करते हुए अन्य राज्यों के खिलाड़ी साढ़े पांच अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रहे। इनमें बंगाल रेटिंग 2449 के कौस्तब चटर्जी, दिल्ली 2236 के आर्यन, महाराष्ट्र रेटिंग 2317 के सिरिजित पॉल, बंगाल रेटिंग 2362 के राजदीप सरकार, महाराष्ट्र रेटिंग 1876 के डेरे पुष्कर, तमिलनाडु 1992 के हेमंत राम, आंध्रप्रदेश रेटिंग 2026 के ग्रहेष, बिहार रेटिंग 2278 के सौरभ आनंद, आंध्रा प्रदेश रेटिंग 2278 के अक्षित कुमार, महाराष्ट्र रेटिंग 2017 के आकाश दलवी और जम्मू रेटिंग 2189 के सोहम कामोत्रा शामिल रहे।



गुरुग्राम में बुधवार को राष्ट्रीय जूनियर शतरंज प्रतियोगिता में भाग लेते हुए खिलाड़ी।

### बालिका वर्ग के विजेता

बालिका वर्ग में सात राउंड के मुकाबलों के बाद अर्पिता, सृष्टि, अक्षीया और प्रियंका छह-छह अंक हासिल कर विजेता बने। जबकि बंगाल 2234 की अर्पिता, महाराष्ट्र रेटिंग 2140 की सृष्टि पांडेय, अक्षीया, तमिलनाडु रेटिंग 2067 की प्रियंका, महाराष्ट्र 2227 की आकांशा, मप्र. रेटिंग 1927 की नित्यता जैन, उड़ीसा रेटिंग 1942 की ऋतुमब्रा बिधर और हरियाणा1009 की तनिष्का कोटिया दूसरे स्थान पर रहे।

### विजेता भारतीय टीम में

हरियाणा शतरंज एसोसिएशन के महासचिव नरेश शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता का आयोजन एक से नौ नवंबर तक हो रहा है। यह प्रतियोगिता खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है। प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को अलगे साल आयोजित होने वाली विश्व जूनियर शतरंज प्रतियोगिता में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। उनके प्रदर्शन के आधार पर भारतीय टीम में जगह दी जाएगी।

### प्रतियोगिता में 300 से अधिक खिलाड़ी हुए शामिल

प्रतियोगिता में देशभर से 300 से ज्यादा खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है। इनमें हरियाणा समेत दिल्ली, महाराष्ट्र, बंगाल, तमिलनाडु सहित अन्य राज्यों के भी खिलाड़ी शमिल हैं। नौ दिनतक चलने वाली प्रतियोगिता में 11 रांडउ खेले जाने हैं। गुरुग्राम से तनिष्का कोटिया और रिद्धिका कोटिया ने भी टूर्नामेंट में हिस्सा लिया है। दोनों ही शतरंज में जिले की स्टार खिलाड़ियों के रूप में पहचानी जाती हैं। इस प्रतियोगिता में अंडर-7, 9, 11, 13, 15, 17 और अंडर-19 आयु वर्ग के खिलाड़ी शामिल हैं।

| Publication | Dainik Jagran |
|---|---|
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | III |
| Date | 7th Nov 2019 |

दैनिक जागरण

# अर्पिता, सृष्टि और प्रियंका की बढ़त जारी

**जासं, गुरुग्राम :** शहर स्थित सनसिटी वर्ल्ड स्कूल में राष्ट्रीय स्तर की जूनियर प्रतियोगिता के सातवें राउंड में खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर हुई। यह प्रतियोगिता जिला चेस एसोसिएशन द्वारा हरियाणा चेस एसोसिएशन व आल इंडिया चेस फेडरेशन के सहयोग से हो रही है। दिल्ली के आर्यन ने बंगाल के मित्रभा गुहा के विजय रथ पर विराम लगा दिया है। बालिका वर्ग में अर्पिता, सृष्टि अक्षीया और प्रियंका सात चक्रों में छह अंकों की बढ़त बनाए हुए हैं। वहीं आकांक्षा, नित्यता जैन, साइना, सालोनिका और तनिष्का कोटिया 5.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं।



सेक्टर-54 स्थित सनसिटी वर्ल्ड स्कूल में खेली जा रही राष्ट्रीय जूनियर शतरंज प्रतियोगिता में हिस्सा लेते प्रतिभागी ● जागरण

| Publication | Navbharat Times |
|---|---|
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 02 |
| Date | 7th Nov 2019 |

NBT नवभारत टाइम्स

# शतरंज प्रतियोगिता में मित्रभा गुहा की बढ़त

**एनबीटी न्यूज, गुड़गांव :** सनसिटी स्कूल में हो रहे राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता में बुधवार को दिल्ली के आर्यन ने बंगाल के मित्रभा गुहा का विजय रथ रोक दिया। लगातार मित्रभा की जीत के बाद छठा राउंड ड्रॉ हो गया, जिसके बाद उन्हें बांटना पड़ा। इसके बाद मित्रभा ने अपने ही राज्य के सिरिजीत पॉल को हराकर एडवांस वेरिएशन ओपनिंग से 30 चालों में परास्त कर 6.5 के साथ एकल बढ़त बनाई। मित्रभा इसके बाद भी बाकी प्रतिभागियों से आगे हैं। वहीं दूसरे स्थान पर 6 अंकों के साथ बंगाल के ही कौस्तव चटर्जी और दिल्ली के आर्यन हैं। बालिका वर्ग में अर्पिता, सृष्टि, अक्षिया और प्रियंका 7 अंकों में से 6 अंकों के साथ बढ़त बनाए हुए हैं।

| Publication | Amar Ujala |
|---|---|
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 06 |
| Date | 7th Nov 2019 |

अमर उजाला

# आर्यन ने मित्रभा गुहा का विजय रथ रोका

अमर उजाला ब्यूरो




**गुरुग्राम।** द हरियाणा चेस एसोसिएशन व ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता के छठे दिन रोचक मुकाबले देखने को मिले।

बुधवार को दिल्ली के आर्यन ने पश्चिम बंगाल के मित्रभा गुहा का विजय रथ रोकने में कामयाब रहे। बुधवार को छठे राउंड में गुहा ने ओपनिंग खेला, जिसका आर्यन ने जबाब देते हुए मैच को ड्रॉ कराया और गुहा को अंक बांटने पर मजबूर किया। सातवें राउंड में गुहा ने अपने ही राज्य के सिरिजित पॉल को 30 चालों में परास्त कर 6.5 के साथ एकल बढ़त बना लिया। अब तक की स्थिति यह है कि दूसरे स्थान पर 6 अंकों के साथ पश्चिम बंगाल के ही कौस्तव चटर्जी और दिल्ली के आर्यन मित्रभा गुहा का पीछा कर रहे हैं। बालिका बर्ग में अर्पिता, सृष्टि, अक्षीया और प्रियंका सातवें राउंड में छह अंकों से बढ़त बनाए हुए हैं। शतरंज प्रतियोगिता 9 नवंबर तक खेली जाएगी।

| Publication | Hindustan |
|---|---|
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 01 |
| Date | 7th Nov 2019 |

हिन्दुस्तान

## शहर में आज

- **प्रेसवार्ता :** आईसीसीपीएल की ओर से सिग्नेचर ग्लोबल में हाउसिंग प्रोजेक्ट को लेकर प्रेसवार्ता दोपहर 12:00 बजे
- **आयोजन :** सेक्टर-54 सनसिटी स्कूल में राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन शाम 05:00 बजे।

| | |
|---|---|
| Publication | Dainik Jagran |
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 01 |
| Date | 7th Nov 2019 |

दैनिक जागरण

## ॥ प्रणाम ॥

### शतरंज प्रतियोगिता

- सेक्टर-54 स्थित सन सिटी स्कूल में जूनियर राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिता सुबह 9:00 बजे से

### पालकी यात्रा

- सेक्टर-4 स्थित श्रीकृष्ण मंदिर परिसर से शाम 5:00 बजे निकाली जाएगी पालकी यात्रा

### प्रशिक्षण शिविर

- नेहरू स्टेडियम में शाम 4:00 बजे से हॉकी खिलाड़ियों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर

### योग शिविर

- सेक्टर-29 स्थित महाराणा प्रताप स्वर्ण जयंती पार्क में सुबह 6:00 बजे से योग शिविर

### योग चिकित्सा शिविर

- सुबह 6:00 बजे से ज्योति पार्क स्थित आशीर्वाद मैरिज लॉन में योग चिकित्सा शिविर

| | |
|---|---|
| Publication | Navbharat Times |
| Language/Frequency | Hindi/Daily |
| Page No | 01 |
| Date | 7th Nov 2019 |

NBT नवभारत टाइम्स

# शहर में आज

- एमिटी यूनिवर्सिटी में नॉर्थ जोन इंटर यूनिवर्सिटी वॉलीबॉल प्रतियोगिता, सुबह 10 बजे से
- सनसिटी स्कूल में नैशनल लेवल चेस प्रतियोगिता का आयोजन, सुबह 9 बजे से
- एमिटी यूनिवर्सिटी में कोरियन कल्चरल डे का समापन, सुबह 10 बजे से
- सेक्टर-49 स्थित वाटिका सिटी में वॉटर कलर वर्कशॉप का आयोजन, सुबह 10 बजे से

दैनिक भास्कर
DainikBhaskar.com

https://www.bhaskar.com/state/haryana/news/srihari-of-tamil-nadu-kaustubh-chatterjee-and-saurabh-anand-of-bengal-drew-from-hemant-ram-073025-5869732.html

# तमिलनाडु के श्रीहरि ने बंगाल के कौस्तुभ चटर्जी व सौरभ आनंद ने हेमंत राम से ड्रॉ खेला

Gurgaon News - **गुड़गांव। शतरंज प्रतियोगिता में मुकाबला करते खिलाड़ी। प्रतियोगिता के चौथे दिन रोचक मुकाबले देखने को मिले ...**

Bhaskar News Network | Nov 05, 2019, 07:30 AM IST



गुड़गांव। शतरंज प्रतियोगिता में मुकाबला करते खिलाड़ी।

प्रतियोगिता के चौथे दिन रोचक मुकाबले देखने को मिले

भास्कर न्यूज | गुड़गांव

द हरियाणा चेस एसोसिएशन व ऑल इंडिया चेस फेडरेशन के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय जूनियर वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता के चौथे दिन रोचक मुकाबले देखने को मिले। सनसिटी वर्ल्ड स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में सोमवार को गुजरात के जीत जैन व आंध्रप्रदेश की तोशवी ने ज्यादा अंक वाले खिलाड़ी को हराकर प्रतियोगिता को रोचक बना दिया। ब्वायज वर्ग में तमिलनाडु के श्रीहरि ने बंगाल के कौस्तुभ चटर्जी व सौरभ आनंद ने हेमंत राम से ड्रॉ खेला। वहीं बंगाल के मित्रभा गुहा ने महाराष्ट्र के सुयोग वाग को हराया। वहीं गुजरात के जीत जैन ने तमिलनाडु के हर्षवर्धन को मात दी। वहीं, गोवा के नीतीश बेलूरकर रेटिंग ने छत्तीसगढ़ के धनंजय को व बंगाल के राजदीप सरकार ने महाराष्ट्र के गौरव राजेश को शिकस्त दी।

बालिका वर्ग में आंध्रप्रदेश की तोषाली ने बंगाल की अर्पिता मुखर्जी व महाराष्ट्र की आकांक्षा ने तमिलनाडु की सबिताश्री को मात दी। आंध्रप्रदेश की चिन्नम वैष्णवी ने महाराष्ट्र की सृष्टि पाण्डे को व आंध्रप्रदेश की बोम्मिनी ने महाराष्ट्र की धनश्री को रोमांचक मुकाबले में हराया। वहीं, आंध्रप्रदेश की प्रियंका ने अपने ही राज्य की सुप्रीता को व महाराष्ट्र की शाह बिस्वा ने अपने ही राज्य की आशना मखीजा को हराया। जूनियर वर्ग की शतरंज प्रतियोगिता 9 नवंबर तक खेली जाएगी। प्रतियोगिता के माध्यम से अगले साल भारत में होने वाली विश्व जूनियर शतरंज प्रतियोगिता के लिए भारत की टीम का चयन किया जाएगा।